26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 17 जून, 2026

अंक- 233 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# मोदी ने होर्मुज में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया



## जी-7 समिट में बोले- नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जी-7 समिट के पहले दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया। आउटरीच सेशन में मोदी ने कहा, होर्मुज स्ट्रेट में कई भारतीय नागरिकों ने भी अपनी जान गंवाई है। वैश्विक समुद्री व्यापार के जरिए देशों को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। मोदी ने फ्रांस के एवियन में कहा, ' होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले समुद्री व्यापार में रुकावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है।' उधर, कांग्रेस ने पीएम के बयान में अमेरिका का जिक्र न होने पर आलोचना की। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, जी-7 में पीएम मोदी ने देश का सिर झुका दिया। देश के 3 नाविकों की अमेरिका ने हत्या कर दी है। सेशन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मौजूद थे। पीएम मोदी के पास ही बैठे थे। वहीं, आज शाम 6:30 बजे मोदी-ट्रम्प की द्विपक्षीय मीटिंग होगी। व्हाइट हाउस के मुताबिक, भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।




## मोहर्रम मातम का अवसर, शक्ति प्रदर्शन का नहीं- योगी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी त्यौहारों, नीट परीक्षा और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने साफ कहा कि मोहर्रम मातम का अवसर है, शक्ति प्रदर्शन का नहीं। शांति भंग करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। उन्होंने एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, नई परम्परा की शुरुआत तथा कानफोड़ू डीजे, ढोल-ताशों के अनियंत्रित प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। योगी ने कहा कि ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। सभी की आस्था का सम्मान किया जाए, लेकिन नई परम्परा का सृजन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

# बोर्ड की बैठक स्थगित होने से नाराज सभासदों ने किया धरना-प्रदर्शन

## राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल के हस्तक्षेप से निपटा मामला



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद नगर पालिका परिषद में मंगलवार को आयोजित होने वाली बोर्ड की बैठक सभी सदस्यों के उपस्थित न होने के कारण अध्यक्ष द्वारा स्थगित कर दी गई। इससे नाराज होकर नगर पालिका सभासद एवं नामित सदस्यों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर गेट पर कई घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। नगर पालिका परिषद के सदस्यों ने बोर्ड की बैठकों में महिला सभासदों की जगह उनके पतियों के प्रवेश करने पर आपत्ति जताई। साथ ही बोर्ड की बैठक में पास होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव पर उनकी कोई सहमति ना लिए जाने व नामित सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय में सम्मान न मिलने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। चेयरमैन इंजीनियर ने सभासदों के सभी आरोपों को गलत बताते हुए सभी सभासदों के न आने के कारण मीटिंग को आगे बढ़ाने, बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव सभी सभासदों से मशवरा करने व रजिस्टर पर सभी के हस्ताक्षर से पास होने तथा नामित सदस्यों के साथ नगर पालिका आने वाले सभी लोगों को सम्मान दिये जाने की बात बताई। धरने के कई घंटे बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने धरना स्थल पर पहुंचकर सभासदों की बात सुनी। बाद में उन्होंने चेयरमैन इंजी. मुअज्जम व अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह को मौके पर बुलाकर सभासदों का मामला निपटाने को कहा। जिसके बाद चेयरमैन ने सभासदों की बात सुनकर धरना समाप्त कराने के बाद बोर्ड की बैठक आयोजित की। धरना प्रदर्शन में सभासद शिवम अग्रवाल, इरशाद अहमद, मोहम्मद अच्छन राईन, निर्देश देवी, इन्दु देवी, खुर्रम अफजल, राकेश कुमार, राजीव टंडन, ऐश्वर्या ऐरन, पवन एडवोकेट, नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी, अभिषेक यादव, नमन गुप्ता, गीता कैशले मौजूद रहीं।

# नगर में आवारा कुत्तों की भरमार, चार बच्चों को बनाया शिकार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में इस समय कटखने आवारा कुत्तों की भरमार है। गली-मौहल्लों में एक दो नहीं बल्कि आठ-दस तक आवारा कुत्ते घूम रहे हैं। कुत्ते अब छोटे बच्चों को अपना शिकार बना रहे है। आवारा कुत्ते चार बच्चों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर चुके है। जिससे नगर के लोगों में आवारा कुत्तों को लेकर भारी चिंता व रोष व्याप्त है। नगर के मोहल्ला मुगलूशाह में मंगलवार को आवारा कुत्तों के एक झुंड ने अचानक अपने घर से बाहर निकले शहजाद के पांच वर्षीय पुत्र फैजान पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में बच्चा जमीन पर गिर गया। जहां इधर-उधर से आए अन्य आवारा कुत्तों ने उसे घेर कर काटकर घायल कर दिया। कुत्तों के हमले से बच्चे की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने वहां पहुंचकर बच्चे को कुत्तों के झुंड से बचाया। पूर्व में मुगलूशाह में ही आवारा कुत्ते दो बच्चों आजम व हादी को भी काटकर घायल कर चुके है। रेलवे स्टेशन पर भी कुछ आवारा कुत्तों ने अर्जुन नाम के एक बच्चे को बुरी तरह से काटकर घायल कर दिया। जिससे वहां हड़कंप मच गया। करीब एक माह पूर्व गर्मी में पागल हुए एक आवारा कुत्ते ने एक ही दिन में 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया था। पूर्व में भी ना जाने कितने लोग आवारा कुत्तों का शिकार बन चुके है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के कारण अब बच्चों का अपने घरों से निकलना दूभर हो गया है। शहरवासी नगरपालिका व स्थानीय प्रशासन से पिछले काफी समय से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग कर रहे है, मगर उनकी मांग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



# सीओ आकांक्षा गौतम को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी (आकांक्षा गौतम से उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष, कौशल कुमार तहसील संगठन मंत्री, यशराज तहसील महासचिव, नवनीत गौतम तहसील संगठन मंत्री, मोहन सिंह मीडिया सचिव, विक्की कुमार तहसील मीडिया प्रभारी, विकास कुमार, विष्णु कुमार गौतम तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी मौजूद रहे।






# पत्नी की हत्या करने वाले को पुलिस ने चालान कर जेल भेजा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना पुलिस ने गृह क्लेश में अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में गिरफ्तार हत्यारोपी के चालान कर कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी पुष्पेंद्र से गृह क्लेश व शक के चलते अपनी पत्नी मीनू की घर में रखी लाईसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतका के पिता थाना मंडावर के ग्राम खानपुर माधो उर्फ डेरी निवासी राम सिंह की पुलिस को तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि पुष्पेंद्र अपनी पत्नी मीनू के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता था। तहरीर में यह भी बताया कि आरोपी ने उसके धेवते की पत्नी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त पुष्पेंद्र पुत्र प्रभु को गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक बरामद कर हत्यारोपी का चालान कर उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल अरुण कुमार, आरक्षी अनुज कुमार शामिल रहे।




26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 17 जून, 2026

# उत्तर प्रदेश के घड़ियाल अमेरिका और जापान में बने आकर्षण का केंद्र

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में कभी विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके घड़ियाल आज अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुके हैं। घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र, कुकरैल के सफल प्रजनन ने पूरी दुनिया को घड़ियाल संरक्षण के सफल भारतीय मॉडल के रूप में अपने आप को साबित किया। यहां के संरक्षित घड़ियाल अमेरिका, जापान जैसे अनेक देशों और भारत के विभिन्न प्रदेशों में आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों के घूमने के लिए यह शानदार गंतव्य है। इसके अतिरिक्त घड़ियालों को चम्बल, दुधवा, कतर्नियाघाट, हस्तिनापुर, महराजगंज, बहराइच तथा बाराबंकी की नदियों में देखा जा सकता है। वर्ष 1970 के सर्वेक्षण में पूरे देश में मात्र 250 से 300 घड़ियाल ही बचे थे। तेजी से घटती संख्या ने वन्यजीव विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी थी। ऐसे समय में उत्तर प्रदेश ने घड़ियाल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए वर्ष 1975 में लखनऊ के कुकरैल में घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की। संरक्षण कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में चम्बल नदी, इटावा से घड़ियालों के अंडे लाकर कुकरैल में हैचिंग कराई गई। वैज्ञानिक देखरेख और अनुकूल वातावरण के कारण इन अण्डों से निकले बच्चों ने घड़ियाल संरक्षण की नई कहानी लिखनी शुरू की। आज कुकरैल घड़ियाल पुनर्वास केंद्र में 466 घड़ियाल मौजूद हैं। प्रतिवर्ष लगभग 140 से 160 नये घड़ियाल बढ़ रहे हैं। इसकी सफलता को देखते हुए नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी ने इसे मोस्ट सक्सेसफुल कंजरवेशन प्रोजेक्ट इन इंडिया की रेटिंग दी है।


## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



R.C. EYE HOSPITAL

## RC EYE & DENTAL HOSPITAL




आँखों की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

सही जाँच, सही ईलाज, उत्तम परिणाम

हमारे यहाँ OPENING FROM 27TH JUNE ★ से सेवा प्रारम्भ ★



डॉ. रचित अग्रवाल
MS (Ophthalmology)
Cataract, Retina & Cornea Specialist

10,000+ मोतियाबिंद (Cataract) सर्जरी का अनुभव
500+ कॉर्निया प्रत्यारोपण (Cornea Transplant) सफलतापूर्वक सम्पन्न
रेटिना, ग्लूकोमा एवं कॉर्निया रोगों के उपचार में विशेषज्ञता
आधुनिक तकनीक एवं उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा सुविधाएँ
बच्चा नेएवं आस पास के क्षेत्रों के मरीजों का विश्वास

अनुभव, विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक के साथ उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा

रॉबोटिक मोतियाबिंद सर्जरी
(कोई चीरा नहीं, कोई टांका नहीं, कोई इंजेक्शन नहीं)
सटीक, सुरक्षित और उत्तम तकनीक

लेजर सुविधा उपलब्ध
लेजर से मोतियाबिंद, चश्मे की पावर और अन्य रेटिना का उपचार

हमारी सुविधाएँ

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा

आस्पटल का पता
आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल
बैराज रोड, वैष्णो विहार कॉलोनी के सामने
बिजनौर (उ.प्र.) - 246701

हमारी सेवाएँ
आधुनिक आँखों की जाँच एवं उपचार
रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद का इलाज
बच्चों की आँखों की देखभाल
ड्राई आई एवं कॉन्टेक्ट लेंस संबंधित उपचार
कम्प्यूटर से जुडे डिजिटल उपकरणों द्वारा जाँच.

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8171742659, 7088210708

आपकी आँखों की रोशनी, हमारी जिम्मेदारी | आपकी मुस्कान, हमारी प्राथमिकता


## अनंत अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगायी हाजिरी, किया गंगा दर्शन

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी ने मंगलवार शाम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। गर्भगृह में उन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ का षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन किया। अनंत अंबानी बाबा विश्वनाथ की सप्तऋषि आरती में भी शामिल हुए। दर्शन और आरती के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के बाद अनंत अंबानी मां अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे, वहां गर्भगृह में 21 ब्राह्मण अर्चकों ने मंत्रोच्चार के साथ मां भगवती का विशेष कुमकुम पूजन संपन्न कराया। पूजन के बाद उन्होंने मां को माला अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के उपरांत अनंत अंबानी ने मंदिर के महंत शंकरपुरी जी महाराज से भेंट की।


SB COLLEGE · SBC

## SB COLLEGE

NIOS (Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)

G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)

ADMISSION OPEN

100% SCHOLARSHIP



6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

चिंगारी

विचार

www.dainikchingari.com

(सांध्य दैनिक) बिजनौर, 17 जून 2026



भली लगे या बुरी ...

## अब उत्तर प्रदेश की ओर

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में जहां भाजपा बिहार और बंगाल में मिली विजय से अत्यधिक उत्साहित है, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को 'करो या मरो' का संदेश दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने पहले चुनाव प्रबंधन के लिए उसी आईपैक से अनुबंध किया था, जो ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़वा रही थी, लेकिन टीएमसी की पराजय के बाद सपा ने उससे अनुबंध तोड़ दिया और कहा कि सपा अपने संगठन के आधार पर ही चुनाव लड़ेगी। हालिया विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, तमिलनाडु में स्टालिन, बिहार में तेजस्वी यादव तथा केरल में कम्युनिस्टों की पराजय के बाद केवल अखिलेश यादव ही ऐसे एकमात्र क्षेत्रीय क्षत्रप के रूप में उभरे हैं, जिनका मुकाबला उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेश में भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ से होना है। हाल ही में अखिलेश यादव ने एक बार फिर प्रदेश की जनता को सावधान किया है कि यदि उत्तर प्रदेश में भाजपा चुनाव जीत जाती है, तो भविष्य में देश में कोई चुनाव नहीं होंगे। इस प्रकार अखिलेश यादव अपनी चुनावी रणनीति में पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) के साथ ही 'संविधान खतरे में' का आरोप भी शामिल कर रहे हैं। दूसरी ओर केरल में कांग्रेसनीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की विजय से कांग्रेस के भी हौसले बुलंद हैं और वह पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन से मिली अपनी सफलताओं को विधानसभा चुनाव में आगे बढ़ाना चाहती है। ऐसे में देखना होगा कि उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन क्या स्वरूप लेगा। कांग्रेस ने नीट पेपर लीक को बड़ा मुद्दा बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दिल्ली समेत देश के अनेक शहरों में कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई ने बड़े प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। राहुल गांधी छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों से व्यापक संवाद का आयोजन करने जा रहे हैं। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपने पुराने 'दलित' आधार को मजबूत करने के प्रयास कर रही है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि भले ही कांग्रेस को तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल में अपेक्षित सफलता नहीं मिली, पर देश भर में मुस्लिमों और दलितों का आकर्षण उसके प्रति बढ़ा है।

# रक्तदान करने वाले हैं फरिश्ते जो खून देकर बनाते हैं नये रिश्ते



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

'करनी हैं बातें दो चार ...'

खून का एक रिश्ता पैदाइशी होता है, दूसरा कुछ लोग फ़रिश्ता बनकर ज़रूरतमंद लोगों को खून देकर बनाते हैं। पहला रिश्ता खुद बन जाता है, तो दूसरा इंसान अपनी मर्ज़ी से बनाता है। आज के दौर में जब आदमी पैसे, प्रॉपर्टी या सेक्स के लिये किसी की जान लेने में ज़रा भी संकोच नहीं करता है, ऐसे में कुछ इंसानों का बिना किसी स्वार्थ के रक्तदान करना और किसी अंजान इंसान की जान बचाना फरिश्ते से कुछ कम नहीं है।

सरकारी ब्लड बैंक की बात करें तो ज़िले में उसकी क्षमता 350 यूनिट है, लेकिन वहां इस समय 119 यूनिट ही खून उपलब्ध है। उनमें भी केवल 79 यूनिट की जांच हुई है जो तत्काल किसी जरूरतमंद को दिया जा सकता है। इसके बदले पैसा नहीं, किसी भी ग्रुप का उतने ही यूनिट खून देना होता है। आंकड़े बताते हैं खून की मांग हमेशा उपलब्ध खून से ज़्यादा बनी रहती है। ज़िले में 80 बच्चे थैलीसीमिया रोग के शिकार हैं। जिनको महीने में दो बार अनिवार्य रूप से ब्लड चढ़ाना होता है। इसके बदले वापस खून देने की कोई शर्त नहीं है। इसके अलावा एक्सीडेंट, ऑपरेशन और एनीमिया के मरीजों को भी समय-समय पर खून देना होता है। इस ब्लड बैंक में सबसे कम मिलने वाला ए नेगेटिव, ओ नेगेटिव, और एबी नेगेटिव खून सिर्फ एक से तीन यूनिट ही मौजूद है।




सरकारी स्तर पर जो लोग ब्लड बैंक का प्रबंध करते हैं उनको उसका बाकायदा वेतन मिलता है। सरकारी सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन वे अपर्याप्त हैं। इस बड़ी मानव आवश्यकता सेवा और जनरक्षा को देखते हुए इसमें प्राइवेट संस्थाएं, समाजसेवी संगठन और दयालु नागरिक भी सहयोग करने लगे हैं। ज़िले की कई निजी ब्लड बैंक संस्थाओं में नजीबाबाद ब्लॉक की हाजी फहीम अख्तर की टीम भी शामिल है, जो अब तक 2000 यूनिट से ज़्यादा खून डोनेट करा चुकी है। इसमें शैलेंद्र चौधरी जैसे कई अन्य लोगों का भी भारी सपोर्ट है। ज़िले में पचास से अधिक बार खून देने वालों में विकास सेतिया, राहुल राजपूत, नवेद फरीदी शामिल हैं। वहीं नहटौर के महबूब शेख 27 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनको एक बार अपनी बच्ची की जान बचाने को खून की ज़रूरत पेश आई थी, तब से वे अपनी बेटी के जन्मदिन पर हर बार रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान को लेकर जागरूकता फैलाने की ज़रूरत है। सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों (जैसे प्लाज्मा, प्लेटलेट्स) की निरंतर जरूरत के बारे में लोगों को बताना। स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मान दिया जाना चाहिए। नियमित दान को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। दुनिया में सुरक्षित रक्त की कमी बनी रहती है, खासकर विकासशील देशों में। इस दिन नये रक्त दाताओं को जोड़ने और मौजूदा दाताओं को नियमित बनाने का प्रयास किया जाता है। 14 जून की तारीख को रक्तदान दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि यह दिन कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के अवसर पर चुना गया है। वे ऑस्ट्रियाई वैज्ञानिक थे, जिन्होंने 1901 में ABO ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की (A, B, AB और O ब्लड ग्रुप)। इसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला। इन्हें आधुनिक रक्तदान का 'पिता' माना जाता है। इतिहास देखें तो 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और अन्य संगठनों (Red Cross, IFBDO, ISBT) ने इसे शुरू किया। 2005 में WHO की विश्व स्वास्थ्य सभा ने इसे वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम बना दिया।

हर साल एक नया थीम चुना जाता है, जैसे 'One Drop of Humanity. Give Blood. Save Lives.' 2026 के लिए टैग लाइन है।

**खुदा के आशिक़ तो हैं हज़ारों, बनों में फिरते हैं मारे-मारे**
**मैं उसका बंदा बनूंगा जिसको, खुदा के बंदों से प्यार होगा।**

## सन्यासी की मर्यादा और कुशल प्रशासक के गुणों को एक साथ साधने वाले तेजस्वी और तपस्वी नेता योगी आदित्यनाथ



कल्पना कीजिए नौ साल पहले के उत्तर प्रदेश के जहां माफिया थाने में पहुंचकर पुलिस वालों को बंधक बनाने का दुस्साहस कर रहे थे। एक ओर भ्रष्टाचार, अपहरण, हत्या, फिरौती, सरकारी ठेकों पर बपौती का धंधा चरम पर था, वहीं एक नेता आईएएस से जूते साफ कराने की मंशा खुलेआम माइक पर बोल रहे थे। हर तरफ अराजकता, सेकुलरिज्म के नाम पर एक खास समुदाय के लोगों को खुश करने के लिए खुला संरक्षण, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, दिमागी बुखार से हर साल मरते सैकड़ों बच्चे, दूसरी ओर सरकारी धन पर जंगल सफारी और सैफई महोत्सव में मुंबईया हीरोइनों के नृत्य, घटता निवेश और डूबते उद्योग, माफियाओं की धमकियों से असुरक्षित उद्यमी। 2017 में उत्तर प्रदेश के भाग्य में बदलाव आया और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। यहां से उत्तर प्रदेश में बदलाव और विकास का नया वातावरण तैयार हुआ है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में योगी आदित्यनाथ एक ऐसे तेजस्वी और तपस्वी नेता हैं, जिन्होंने साधु-सन्यासी की मर्यादा और कुशल प्रशासक के गुणों को एक साथ साधा है, जिनका जीवन सनातन मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और लोकसेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है। भगवा जिनके लिए गौरव ही नहीं, बल्कि अस्तित्व है। एक ओर वे गोरखनाथ मठ के पीठाधीश्वर हैं, जहां वे धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं का पालन करते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में वे कानून, व्यवस्था और विकास का आधुनिक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। शासन में उनकी छवि एक कठोर लेकिन न्यायप्रिय प्रशासक की है, जो जनहित को सर्वोपरि रखता है। गरीब-दलित-पिछड़ों की आवाज, हर फरियादी के लिए दिन-रात उपलब्ध योगी जी असल में एक जननायक हैं। उनके संपत्ति में मात्र चार जोड़ी गेरूआ सूती कपड़े हैं। पैर में भी सिर्फ साधारण कपड़े के जूते पहनते हैं। योगी आदित्यनाथ का दिन 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठकर साधना और प्रार्थना से शुरू होता है। उनका मानना है कि आत्मानुशासन ही सच्चे नेतृत्व की पहली सीढ़ी है। उनका जीवन संयमित, सादा और पूर्णतः सात्विक है न कोई दिखावा, न कोई विलासिता। गोरखनाथ मंदिर में गौसेवा हो या मंदिर परिसर की सादगी, हर पहलू उनके सेवा और साधना भाव का परिचायक है। भारत की राजनीति में एक कर्मठ योगी, हार्ड लीडरशिप, यूनिवर्सल ट्रांसपोर्टर, अपारजन समर्थन प्राप्तकर्ता हैं योगी आदित्यनाथ।

**-मनोज कुमार अग्रवाल**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# राजस्व विभाग की टीम ने की पीर बाबा की भूमि की पैमाइश

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी इसकी शिकायत



मौके पर पैमाइश करते हुए लेखपाल प्रभात चौधरी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** टीचर्स कॉलोनी स्थित पीर बाबा की मजार में चकरोड की भूमि को कब्जा करके शामिल करने के मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करने के 4 माह बाद हरकत में आए राजस्व विभाग ने कल उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा के आदेश पर चार सदस्यीय टीम के साथ पीर बाबा की भूमि की पैमाइश की। इस दौरान उन्होंने टीचर्स कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डॉ. प्रकाश वीर और राजेंद्र सिंह चौहान के अलावा पीर के गद्दी नशीन से भी वार्ता की।

उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा के आदेश पर गठित टीम में शामिल कानूनगो राजकुमार, लेखपाल धामपुर प्रभात कुमार चौधरी, लेखपाल अंजलि त्यागी, लेखपाल छत्रपाल सिंह ने मंगलवार को मौके पर जाकर भूमि की पैमाइश की।

आरएसएम डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. प्रकाश वीर ने बताया कि ग्राम पंचायत धामपुर हुसैनपुर के खसरा नंबर 221 के राजस्व अभिलेख में 0.1140 हेक्टर भूमि जियारत के नाम दर्ज है। उनका आरोप है कि इस मजार की भूमि के पास से गुजरने वाली चकरोड को कब्जा करके अवैध रूप से मजार में शामिल कर लिया गया है, जिसकी पैमाइश की जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 25 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद जिलाधिकारी बिजनौर और उप जिला अधिकारी धामपुर से मिलकर उन्हें दिए गए ज्ञापन में भूमि की पैमाइश करने की मांग की गई थी।

उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को लेखपाल प्रभात चौधरी मौके का निरीक्षण करने आए और इसके बाद मजार की भूमि की पैमाई नहीं की और टालमटोल करते रहे। उन्होंने बताया कि 10 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल से हमारे पास संदेश आया कि आपने जो शिकायत की थी उसका निस्तारण कर दिया गया है, जिस पर उन्होंने पोर्टल पर बताया कि राजस्व विभाग ने शिकायतकर्ताओं से किसी प्रकार की वार्ता ना करके मनगढ़ंत रिपोर्ट आपको भेज दी है। इसके बाद उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को भी इस बारे में अवगत कराया, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी से वार्ता की। इसके बाद हरकत में आए राजस्व विभाग ने कल मौके पर जाकर भूमि की पैमाइश की। लेखपाल प्रभात चौधरी ने बताया की भूमि की पैमाइश कर ली गई है, जांच रिपोर्ट शीघ्र सौंप दी जाएगी।

उधर, कॉलोनी निवासियों का कहना है की टीचर्स कॉलोनी और पुराने धामपुर के नागरिकों के आने-जाने के रास्ते का निर्माण किया जाए। पीर बाबा की मजार के गद्दी नशीन दिलशाद अहमद का कहना है कि यह मजार वर्षों पुरानी है, जहां बाबा दीन दुखियों की फरियाद सुनते हैं। उधर, टीचर्स कॉलोनी निवासी कैलाश शर्मा का आरोप है कि चकरोड की भूमि पर अवैध रूप से कब्रिस्तान और मस्जिद बनाकर कब्जा किया जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसबीडी महाविद्यालय ने हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय धामपुर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्या ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने सभी छात्राओं से दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 14 छात्राओं कु. जैनब परवीन, कु. इशा परवीन, कु. अपूर्वा, कु. इकरा परवीन, इरफान, कु. मरियम, कु. मानसी, कु. अनुजा, कु. शालिनी, शिवा सिंचो, कु. अलीशा तथा कु. कनक ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती रितु कौशिक श्रीमती सीमा कौशिक के संयोजन में हुआ। पोस्टरों का मूल्यांकन डॉ. अदिति सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. अनुजा, द्वितीय स्थान कु. जैनब परवीन, तृतीय स्थान कु. मरियम एवं कु. इशा परवीन ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

# पुस्तक विक्रेता पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

## पीड़िता ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में एक पुस्तक विक्रेता पर युवती से छेड़छाड़ करने व अश्लील फब्तियां कसने का आरोप लगा है। पीड़िता ने परिजनों के साथ झालू चौकी पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि किताबों की दुकान करने वाले व्यक्ति ने एक युवती से अश्लील फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी घटना के समय शराब के नशे में था। बुधवार सुबह पीड़िता अपने परिजनों के साथ झालू चौकी पहुंची और आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोप सिद्ध होने पर तथा आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बड़े मंगलवार को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा आयोजित सातवें बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार, डॉक्टर एनपी सिंह , मुख्य यजमान विनोद कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू महामंत्री, नवनीत धनोरिया, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विवेक कुमार, विकास कुमार, राजीव कुमार ,राघव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, नितिन कुमार, चमन सिंह ,हरिमोहन शर्मा , पंकज अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, विकास जैन, महेश अग्रवाल, परमेश्वर दयाल उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ने बताया 23 जून को धनौरिया के परिवार द्वारा संगठन के सहयोग से व भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा।

# सीओ अंजनी कुमार को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर सर्किल के नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी को नगर के गणमान्य नागरिकों ने उनके कार्यालय में पहुंचकर सम्मानित किया। नगर के समाजसेवी चिकित्सक डॉ. कमाल अहमद ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी को शाल ओढ़ाया व पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा व हाजी हसन खान भी मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि धामपुर के नागरिक पुलिस प्रशासन के हमेशा सहयोगी रहे हैं। उन्होंने नागरिकों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।



सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी का सम्मान करते हुए डॉक्टर कमाल अहमद।

# छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन

## 13.83 करोड़ की संपत्तियां कुर्क, 2895 फर्जी दावों का खुलासा

**हरिद्वार/रुड़की/मेरठ ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के बहुचर्चित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13.83 करोड़ रुपये मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अटैच कर दिया है। कुर्क की गई संपत्तियों में उत्तराखंड के एक कैबिनेट मंत्री की पार्टनरशिप में स्थापित विश्वविद्यालय के साथ हरिद्वार, रुड़की और मेरठ के तीन शिक्षण संस्थानों की परिसंपत्तियां शामिल हैं। इस मामले में ईडी द्वारा जारी किया गया यह छठा अटैचमेंट आदेश है। इससे पहले भी कई शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है। ईडी ने यह कार्रवाई पुलिस जांच के आधार पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की है। एजेंसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रुड़की स्थित मदरहुड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, हरिद्वार का रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एवं मेडिकल साइंसेज (रिम्स) तथा मेरठ का महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इस कार्रवाई के दायरे में आए हैं। जांच में सामने आया है कि इन तीनों संस्थानों ने अपने प्रबंधन एवं संबद्ध ट्रस्टों और समितियों के माध्यम से समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए कुल 6208 दावे प्रस्तुत किए थे। इन दावों के आधार पर संस्थानों को लगभग 27.98 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि जारी की गई। इसमें से करीब 19.74 करोड़ रुपये सीधे संस्थानों के बैंक खातों में जमा हुए, जबकि लगभग 8.24 करोड़ रुपये छात्रों के नाम पर संचालित खातों में भेजे गए। जांच एजेंसियों का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।



### 2895 छात्रवृत्ति दावे फर्जी पाए गए

**ईडी की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच के दौरान कुल 6208 छात्रवृत्ति दावों में से 2895 दावे फर्जी पाए गए। इनमें ऐसे विद्यार्थियों के नाम शामिल थे जो या तो संस्थानों में नामांकित ही नहीं थे, नियमित रूप से अनुपस्थित रहते थे, शैक्षणिक रूप से अपात्र थे अथवा परीक्षा में असफल या अनुपस्थित रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि कई लाभार्थियों का विश्वविद्यालय रिकॉर्ड में कोई स्पष्ट विवरण तक उपलब्ध नहीं था, बावजूद इसके उनके नाम पर छात्रवृत्ति जारी की जाती रही।**


### कई और संस्थान ईडी के रडार पर

**सूत्रों के अनुसार हरिद्वार जनपद के कई डिग्री कॉलेज और उनके संचालक भी जांच एजेंसियों की निगरानी में हैं। इनमें कुछ प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों और भाजपा नेताओं से जुड़े संस्थानों के नाम भी जांच के दायरे में बताए जा रहे हैं। हालांकि ईडी ने अभी इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई नाम सार्वजनिक नहीं किया है। जांच के दौरान मेरठ स्थित एक निजी विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड की दो विश्वविद्यालयों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है।**

# वाहन की चपेट में आया गुलदार, घायल हालत में गन्ने के खेत में छुपा

## रेस्क्यू के दौरान गुलदार के हमले से दो वनकर्मी घायल

### घंटों की मशक्कत के बाद पकड़ा गया गुलदार





घायल वनकर्मी मुजीब।



रेस्क्यू वाहन पर सवार वनकर्मी रेस्क्यू अभियान चलाते हुए।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार की दोपहर अफ़जलगढ़–रेहड़ के बीच नेशनल हाईवे फोरलेन किनारे उधोवाला में अमित कुमार के बाग के पास आम के पेड़ के नीचे गुलदार को बैठा देख राहगीर सहम गए। किसी ने इसकी सूचना स्थानीय वनकर्मियों को दी, तब तक गुलदार वहां से उठकर सामने स्थित गन्ने के खेत में जा घुसा था। सूचना के कुछ देर बाद मौके पर सहयोगी वनकर्मियों की टीम के साथ पहुंचे वन दरोगा सुनील राजोरा ने मौके पर रेस्क्यू वाहन सहित वन दरोगा धर्मेंद्र चौधरी, विशाल प्रताप सिंह, सत्यवीर यादव एवं वनरक्षक अंकित कुमार, मोहित कुमार, विवेक कुमार, साजिद व मुजीबुर्रहमान आदि वनकर्मियों को भी बुला लिया। वनकर्मियों ने गुलदार को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। वनकर्मी मुजीब और विवेक रेस्क्यू करने के दौरान वाहन की छत पर बैठे थे, जबकि बाकी वनकर्मी रेस्क्यू वाहन के अंदर मौजूद थे। कई घंटे तक चल रेस्क्यू अभियान में भारी मशक्कत के बाद आखिरकार गुलदार को जाल में फंसा लिया गया। इसी बीच रेस्क्यू वाहन चालक ने अचानक वाहन को आगे बढ़ा दिया, जिससे उसकी छत पर मौजूद वनकर्मी विवेक एवं मुंजीब जाल में कैद गुलदार पर जा गिरे। गुलदार ने मुजीब को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि विवेक के मामूली खरोंच आई। आनन–फानन में घायल मुजीब को अस्पताल ले जाया गया, जबकि बाकी वनकर्मियों की टीम ने रेस्क्यू अभियान को पूरा कर गुलदार को पकड़ लिया और पीलीडैम वन चौकी ले गये। क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील राजोरा ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार घायलवस्था में मिला है, जिससे प्रतीत होता है कि वह रेस्क्यू अभियान से पूर्व किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुआ होगा।

## अब 25 जून को खुलेंगे स्कूल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ा दिया गया है। हालांकि 16 जून को विद्यालय खुल गए थे। गर्मी को देखते हुए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 24 जून तक ग्रीष्मकालीन बढ़ा दिया। शिक्षा विभाग को दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि अब सभी विद्यालय में 25 जून से शिक्षण कार्य होगा, जबकि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। सभी शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी 22, 23 व 24 जून को अपने–अपनी उपस्थिति विद्यालय में दर्ज कराएंगे तथा लेसन प्लान तैयार करना, मिड डे मील की व्यवस्था करना तथा अन्य विभाग के कार्य का संपादन करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के आदेश का पालन करने के निर्देश दिये हैं।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## बिजनौर आये बिंदू दारा सिंह का हुआ शानदार स्वागत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** फ़िल्म स्टार स्व. दारा सिंह के पुत्र बिंदु दारा सिंह का बिजनौर में भव्य स्वागत किया गया। बिंदू दारा सिंह वरुण भोलू एडवोकेट के मामा अजय सिंघल निवासी राजनगर के साथ उनके चिड़ियापुर स्थित नवनिर्मित रिसोर्ट पर आये थे।

उनके साथ चिड़ियापुर में संजीव अग्रवाल एडवोकेट एवं वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट भी थे। बिंदू दारा सिंह का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। चिड़ियापुर से वापसी पर बिंदू दारा सिंह भोलू एडवोकेट एवं संजीव अग्रवाल एडवोकेट के साथ बिजनौर में कान्हा फार्म्स पहुंचे, जहां उन्होंने लंच किया। लंच के दौरान एसके बबली एडवोकेट, डॉ. नवनीत गर्ग, डॉ. नीरज चौधरी, सुभाष कुमार बबलू प्रमुख, वीरेंद्र सिंह एडवोकेट, मुकेश कुमार अग्रवाल, अनिल भटनागर एडवोकेट, कपिल चौधरी, देव अग्रवाल एडवोकेट आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरुण भोलू द्वारा किया गया। बिंदु सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं बिजनौर के भोजन की प्रशंसा की। वरुण भोलू ने भी बिंदु दारा सिंह के पिता मशहूर अभिनेता स्व. दारा सिंह से कई बार मुलाकात की थी।

## चोरी किये थे स्टार्टर व तांबे का तार, हल्दौर पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** थाना हल्दौर पुलिस ने क्षेत्र में जनरेटर और ट्यूबवैल से तार चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का माल, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में हुई चोरियों के संबंध में दर्ज मुकदमों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शहबान पुत्र अल्लाबंदा निवासी ग्राम सादाबाद थाना हीमपुर दीपा, रोहित कुमार पुत्र शिवलाल निवासी बूंद्राकला थाना चांदपुर और मौ. सलमान पुत्र वहाजुद्दीन निवासी अकबरपुर तिगरी थाना हीमपुर दीपा को गिरफ्तार किया। इस गिरोह का एक अन्य सदस्य दानिश फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे दिन के समय जनरेटरों और ट्यूबवैलों की रेकी करते थे और रात में तांबे के तार व स्टार्टर चोरी कर लेते थे। पुलिस से बचने के लिए वे तारों को जलाकर तांबा निकाल लेते थे और उसे खंडहरों व झाड़ियों में छिपा देते थे। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर 9 किलो तांबे का तार, ट्यूबवैल के 8 स्टार्टर, लोहा काटने के औजार (आरी, ब्लेड, छेनी, चाबियां), घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिलें, 1 अवैध तमंचा (12 बोर) मय 4 जिंदा कारतूस और 2 अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

# मंदिर के रास्ते को लेकर चल रहे विवाद का हुआ पटाक्षेप

## एक मुस्लिम ने भी अपनी जमीन दान की


भूमिया खेड़ा के रास्ते के लिये निशान लगाते ग्रामीण

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बींतरा में भूमिया खेड़ा और शिव मंदिर के रास्ते को लेकर वर्षों से चले आ रहे विवाद का कल शाम ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से पटाक्षेप हो गया। रास्ते के लिये कई किसानों ने अपने लगानी खेतों से निस्वार्थ रूप से भूमि दान दी है। रास्ते हेतु भूमि दान करने वाले किसानों में एक मुस्लिम भी शामिल है, जिसने खुशी के साथ और सबसे पहले अपने खेत से भूमि देने का ऐलान किया था।

ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम सबलपुर बींतरा में बस्ती के दक्षिण की ओर भूमिया खेड़ा, ग्राम देवता और शिव मंदिर बने हुए हैं। भूमिया खेड़ा की पूजा करने सबलपुर बींतरा के साथ-साथ पास के ग्राम बरकातपुर के ग्रामीण भी आते हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या यह थी कि भूमिया खेड़ा और शिव मंदिर तक पहुंचने के लिये कोई रास्ता नहीं था। रास्ते में कई किसानों के खेत पड़ रहे हैं। कोई रास्ता देना चाहता था, तो कोई नहीं देना चाहता था। गांव के हिन्दू युवकों की शादी होने पर जब ग्राम देवता पूजन की रस्म की जाती थी, तो नई नवेली दुल्हन को भी मेढ़ से होकर ही जाना पड़ता था। मेढ़ से जाते हुए कई बार महिलायें फिसलकर गिर भी जाती थीं। वर्षों से रास्ते के समाधान हेतु प्रयास हो रहे थे,मगर वे विफल हो जाते थे। रास्ते की विकट समस्या से परेशान गांव की महिलाओं ने रविवार को खेतों में खड़ी चारे की फसल काटकर रास्ता बना लिया था। सोमवार को एक किसान ने पुलिस से इसकी शिकायत कर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर विवाद न करने के लिये समझाया था। मंगलवार की दोपहर शिकायत करने वाले किसान ने रास्ते को बंद करते हुए वहां ऊंची मेढ़ बांध दी थी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने समस्या के समाधान हेतु अपराहन चार बजे पंचायतघर पर मीटिंग आहूत की थी। रास्ते के लिये जिन किसानों की भूमि की आवश्यकता थी, उनमें ग्राम निवासी जाकिर मंसूरी भी है। जाकिर के पुत्र अरबाज ने सबसे पहले निस्वार्थ रास्ता देने की घोषणा कर सबका दिल जीत लिया। लंबी वार्ता के उपरांत सुनील राजपूत, हरपाल राजपूत, सत्यपाल राजपूत, सग्गो देवी, कांता देवी, कृपाल सिंह ने भी रास्ते के लिये निःशुल्क भूमि दे दी, इससे सभी व्यक्तियों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने रास्ते के लिये भूमि दान करने वाले किसानों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। महिलाओं की खुशी देखते ही बनती थी। वार्ता / समाधान में पंचायत प्रशासक पति अब्दुल हक, पूंडरी खुर्द के पूर्व ग्राम प्रधान रामकुमार सिंह सर्वेश, राजेश कुमार, मंगतेश सिंह, कृपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मांगेराम, अर्जुन सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। रास्ता विवाद के निपटारे में 'चिंगारी' का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

# छांव में बैठाने को कहकर महिला से की ठगी

**स्योहारा ( चिंगारी )**। महिला के साथ छिनैती की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। मौके पर अपर पुलिस अधिक्षक पूर्वी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भी जानकारी की। मामला ठगी का पाया गया। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ठगों की गिरफ्तारी में लगी है। मंगलवार की दोपहर गांव माणी पुठ्ठा थाना हीमपुर दीपा निवासी खेम सिंह अपनी पत्नी मुन्नी देवी को दवाई दिलाने के लिए स्योहारा आये थे। नवादा चुंगी पर पहुंचने पर खेम सिंह ने अपनी पत्नी मुन्नी देवी से कहा कि दस मिनट रूकों मैं अभी बैंक तक जा रहा हूं। जब खेम सिंह बैंक के लिए गये तभी एक ठप्पेबाज मोटरसाइकिल लेकर आया और छांव में बैठने को कहते हुए अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर जमापुर रोड पर बने ट्यूबवैल के पास ले गया और एक कान का कुंडल की ठगी कर फरार हो गया, जिसके बाद महिला ने शोर मचाया और छिनैती की सुचना दी। लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो सच सामने आया कि ठगी हुई है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधिक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पुलिस को घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला जो बैंक गये अपने पति के इंतजार में थी एक ठप्पेबाज आया और एक ट्यूबवैल के पास ले जाकर एक कुंडल ठग कर ले भागा। आगे जाने पर उसने साथी को मोटरसाइकिल पर बैठाया और फरार हो गया। दो टीम लगी हैं जल्दी खुलासा किया जाएगा। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है ।

# यूपी में एमबीबीएस इंटर्नशिप स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर वॉयस ऑफ इंटर्न्स ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस इंटर्न्स और मेडिकल छात्रों की ओर से 'वॉयस ऑफ इंटर्न्स' के प्रतिनिधियों ने माननीय उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षामंत्री श्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एमबीबीएस



इंटर्न्स को वर्तमान में 12,000 प्रति माह स्टाइपेंड मिलता है, जिसे अंतिम बार 2021 में संशोधित किया गया था। पिछले कई वर्षों में महंगाई, रहने का खर्च, आवास की लागत और अन्य जरूरी खर्चों में काफी वृद्धि को देखते हुए, मौजूदा स्टाइपेंड अब अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप के दौरान इंटर्न्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इंटर्न्स नियमित रूप से आपातकालीन सेवाओं, रोगी देखभाल, वार्ड प्रबंधन, क्लिनिकल डॉक्यूमेंटेशन और चौबीसों घंटे की ड्यूटी सहित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं और अक्सर सरकारी अस्पतालों में फ्रंटलाइन वर्कफोर्स के रूप में काम करते हैं। इन जिम्मेदारियों के बावजूद, स्टाइपेंड कई अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है। वॉयस ऑफ इंटर्न्स ने एक ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि प्रशिक्षण के इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान युवा चिकित्सा पेशेवरों को उचित मुआवजा और वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए इंटर्नशिप स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह किया जाए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की उचित जांच और विचार किया जाएगा।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7**
**बिजनौर।**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना-02/अधि0अभि0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक **24.06.2026** को अपरान्ह **5.00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक **25.06.2026** को अपरान्ह **12:00** बजे मुख्य अभियन्ता (मध्य गंगा नहर परियोजना) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़ द्वारा निर्धारित समिति के द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.06.2026 के पूर्वान्ह से दिनांक 24.06.2026 के अपरान्ह 3:00 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, अमरोहा एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, मेरठ के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र कय करते समय (1)पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2) (4 ) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (IDT-3) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमे प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के पक्ष में बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। यह भी अवगत कराना है कि मध्य गंगा नहर परियोजना का उद्घाटन आगामी वित्तीय वर्ष मे किया जाना प्रस्तावित है। अतः सम्बन्धित सभी कार्य इसी वित्तीय वर्ष मे पूर्ण किये जाने है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 मे) | जमानत धनराशि (Earnest Money) (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी चार्ज+जी0 एस0टी0 (रू0 मे) | पंजीकृत श्रेणी न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 2.955 से किमी0 2.985 तक नहर निर्माण का कार्य। | 5.50 | 0.11 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 2 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.035 से किमी0 3.070 तक नहर निर्माण का कार्य। | 6.50 | 0.13 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 3 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.348 से किमी0 3.380 तक नहर निर्माण का कार्य। | 6.10 | 0.12 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 4 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.440 से किमी0 3.475 तक नहर निर्माण का कार्य। | 7.80 | 0.16 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 5 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.520 से किमी0 3.550 तक नहर निर्माण का कार्य। | 6.70 | 0.13 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 6 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.664 से किमी0 3.700 तक नहर निर्माण का कार्य। | 3.85 | 0.08 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 7 | पंवासा राजवाहा के किमी0 21.110 पर पाईप कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 7.96 | 0.16 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 8 | पंवासा राजवाहा के किमी0 8.600 पर ड्रेनेज क्रांसिग का निर्माण कार्य। | 7.92 | 0.16 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |

यह निविदा/बिड सूचना सिंचाई विभाग की वेबसाईट **(http://www.idup.gov.in)** पर उपलब्ध है। वेबसाईट से ड्राईंग उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देख सकेंगे।

**R.O.No. 252591 Date: 15-06-2026**
**UPID.www.upgov.nic.in**

(एस0एन0उपेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

# मानव-वन्यजीव संघर्ष के मुद्दे पर हुई महत्वपूर्ण बैठक से नदारद रहे बिजनौर के जनप्रतिनिधि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में प्रतिवर्ष गुलदार (तेंदुए) के हमलों में लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असुरक्षा का वातावरण बना रहता है, लेकिन इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान को लेकर जनप्रतिनिधियों की गंभीरता पर अब बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि 15 जून 2026 को लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन परिसर में मानव-वन्यजीव संघर्ष की समस्या के समाधान एवं भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बिजनौर सहित प्रभावित जनपदों के सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि 16 जून को मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ तथा वन राज्य मंत्री के.पी. मलिक से हुई वार्ता के दौरान जानकारी मिली कि बिजनौर जनपद से कोई भी जनप्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल नहीं हुआ। यह तथ्य अत्यंत निराशाजनक है, क्योंकि बिजनौर लंबे समय से मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर समस्या से जूझ रहा है और हर वर्ष अनेक परिवार इस संकट का दंश झेलते हैं। दिगंबर सिंह ने कहा कि जनता की मांग पर समय-समय पर वन विभाग के संसाधन बढ़ाने, शुगर मिलों के सहयोग से वन विभाग को अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने, वन कर्मियों की संख्या बढ़ाने, हस्तिनापुर वन्यजीव क्षेत्र में आधुनिक रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने तथा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई तंत्र विकसित करने जैसे अनेक मुद्दे उठाए जाते रहे हैं। लेकिन जब इन विषयों पर ठोस कार्ययोजना बनाने और सरकार के समक्ष प्रभावी प्रस्ताव रखने का अवसर आया, तब बिजनौर के जनप्रतिनिधियों ने बैठक में उपस्थित होना भी आवश्यक नहीं समझा। उन्होंने कहा कि जब कोई दुखद घटना होती है तो विपक्ष के नेता धरना-प्रदर्शन करते दिखाई देते हैं, विधानसभा के बाहर तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं और प्रशासन को घेरते हैं। वहीं सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि बैठकों और फोटो सेशन को प्रचारित करने में व्यस्त दिखाई देते हैं। किंतु जब समस्या के स्थायी समाधान के लिए रणनीति बनाने की बैठक आयोजित होती है, तब सत्ता और विपक्ष दोनों की अनुपस्थिति यह दर्शाती है कि जनता की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को कितनी प्राथमिकता दी जा रही है।



### जनता से भी सवाल..

**दिगंबर सिंह ने कहा कि उनका सवाल केवल जनप्रतिनिधियों से ही नहीं, बल्कि बिजनौर की जनता से भी है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि जिन लोगों को उन्होंने अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा और संसद भेजा है, वे ऐसे महत्वपूर्ण अवसरों पर उनकी आवाज उठाने के लिए क्यों अनुपस्थित रहे।**

### सांसदों व विधायकों को पत्र लिखेंगे

युवा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) चौधरी दिगंबर सिंह ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा है कि जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही को निर्देश दिये गये हैं कि वह इस गंभीर विषय पर लापरवाह दोनों सांसदों तथा 8 विधायकों को पत्र भेजकर जनता का यह सवाल पूछने का काम करें कि आखिर इस गंभीर विषय पर सभी जनप्रतिनिधि इतने लापरवाह क्यों है? लखीमपुर खीरी में आयोजित इस बैठक में बिजनौर जनपद का कोई भी जनप्रतिनिधि आखिरकार क्यों नहीं गया? क्या वन विभाग के द्वारा सूचना नहीं दी गई थी अथवा जानबूझकर सूचना होने के बाद भी इस महत्वपूर्ण बैठक में न जाने के पीछे क्या कारण है?

**मैं बिजनौर के सभी सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से स्पष्ट जवाब चाहता हूं कि आखिर मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे गंभीर विषय पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में वे क्यों नहीं पहुंचे? यदि इस विषय को लेकर कोई गंभीरता थी तो उसका प्रमाण इस बैठक में भागीदारी के रूप में दिखाई देना चाहिए था। जनता ने जनप्रतिनिधियों को केवल सम्मान, सुविधाएं और राजनीतिक पद दिलाने के लिए नहीं चुना है, बल्कि उनकी सुरक्षा, समस्याओं के समाधान और भविष्य की योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुना है। यदि जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करेंगे तो जनता भी उनसे जवाब मांगने का अधिकार रखती है।**

# भट्टे पर काम करने वाली नवयुवती ने खाया ज़हर

## उपचार के दौरान मौत

**नांगल सोती ( चिंगारी )। नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम मायापुरी का एक परिवार थाना कोतवाली शहर बिजनौर क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर में स्थित एक ईंट-भट्टे पर रहकर कार्य करता था। वहां कार्य करने के दौरान मंगलवार की सुबह परिवार की नवयुवती ने परिजनों से हुए विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। परिजन नवयुवती के शव को लेकर मायापुरी आ गये। अपराहन लगभग डेढ़ बजे कोतवाली शहर पुलिस ग्राम मायापुरी में पहुंची तथा नवयुवती के शव को पोस्टमार्टम कराने के लिये अपने साथ ले गई। नांगल थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि नवयुवती ने जहर बिजनौर क्षेत्र के ईंट भट्टे पर खाया था, बिजनौर में ही उसकी मृत्यु हुई, इसलिये थाना कोतवाली शहर पुलिस उसके शव को पोस्टमार्टम कराने के लिये लेकर गई। आज दोपहर नवयुवती के शव का पोस्टमार्टम हुआ। नवयुवती का परिजनों से विवाद क्यों हुआ था, इसका पता नहीं चल सका।**

## डीएफओ को ऑक्सीजन के पौधें भेंट किये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजीव शर्मा दानी संयोजक- प्रयास हमारा सहयोग आपका (वृक्षारोपण युक्त, पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र), मो. काशिफ मण्डल प्रभारी,राहुल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष,आशीष गुप्ता नगर महामंत्री तथा कामेंद्र सिंह प्रेस क्लब महामंत्री झालू ने डी.एफ.ओ. बिजनौर जय सिंह कुशवाह से शिष्टाचार भेंट करते हुए ऑक्सीजन पौधे दिये। दानी ने ऑक्सीजन पौधे एवं वृक्षारोपण की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि उनकी टीम शहरी क्षेत्र में ऑक्सीजन पौधे से लाभ बताते हुए उनका वितरण कर रहे हैं तथा बरसात में निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में छायादार एवं विलुप्त होते वृक्षों जैसे गुलर, नीम, शीशम आदि को वन विभाग एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से वृक्षारोपण और उनका संरक्षण करेंगे।





आज का विचार

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी : आस्था पर चोट, जवाबदेही पर सवाल

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना ने देशभर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। मंदिर में आने वाले लाखों भक्त अपनी श्रद्धा और विश्वास के साथ दान अर्पित करते हैं। ऐसे में चढ़ावे की सुरक्षा में सेंध लगने की खबर ने मंदिर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर कई प्रश्न खड़े कर दिये हैं।

मंदिर परिसर में चढ़ावे के संग्रह और उसके प्रबंधन के दौरान अनियमितताओं की आशंका सामने आने पर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने की चर्चा हुई, जिसके बाद संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ और साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने विस्तृत जांच का आश्वासन दिया है। इस पूरे प्रकरण में मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ट्रस्ट का दायित्व केवल धार्मिक गतिविधियों का संचालन ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान की पारदर्शी निगरानी, सुरक्षित रखरखाव और नियमित लेखा-परीक्षण सुनिश्चित करना भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि वित्तीय प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही जनविश्वास को कमजोर कर सकती है।



भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दान पेटियों पर चौबीसों घंटे निगरानी, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल लेखांकन प्रणाली, नियमित ऑडिट तथा स्वतंत्र जांच तंत्र को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई से ही श्रद्धालुओं का विश्वास पुनः सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह घटना केवल धन की चोरी नहीं, बल्कि आस्था पर लगी चोट के रूप में देखी जा रही है, जिसका समाधान पारदर्शिता और जवाबदेही से ही संभव है।

**-सत्यवीर सिंह, सुआवाला**

# कंभौर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

## विधायक सुचि चौधरी और डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों को दिये समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शासन के निर्देशानुसार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास खंड हल्दौर के ग्राम कंभौर में रात्रि ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में सदर विधायक श्रीमती सुचि चौधरी, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी बिजनौर, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। चौपाल के दौरान विधायक सुचि चौधरी और जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने पेयजल, विद्युत, सड़क, आवास, पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस पर विधायक और जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।


रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी।

चौपाल में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुआ सीधा संवाद

**रात्रि ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया तथा जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की बात कही।**



# इस्लामी नववर्ष का आग़ाज़, हुआ आज

**नगीना ( चिंगारी )।** इस्लामी नववर्ष (हिजरी 448) का पहला महीना माह मुहर्रम चांद के नज़र आने के बाद आज 17 जून बुधवार से शुरू से हो गया। मुसलमानों का नया साल इस्लामी कैलेंडर चांद पर आधारित होता है, इसलिए सटीक तारीख चांद दिखने के बाद ही तय होती है। इस्लामिक नववर्ष का पहला माह मुहर्रम है, और इस माह के शुरू के दस दिन अपनी खास अहमियत रखते हैं। इन्हीं दिनों में हजरत मुहम्मद (सल्ल.)के नवासे इमाम हुसैन (रज़ि.) की नमाज़ के दौरान शहादत हुई थी, मुहर्रम की पहली तारीख से शिया मुस्लिम इमाम हुसैन रज़ि. व उनके अहले खाना की शहादत को लेकर मजलिसों का आयोजन करते हैं, और मर्सियां पढ़कर शदीद मातम करते हैं। मोहर्रम के दसवें दिन को आशूरा कहते हैं। इन दस दिनों में मेंहदी, अब्बास अलमबरदार और मुहर्रम आदि के जुलूस निकाले जाते हैं। रात-दिन मजलिसों का आयोजन किया जाता है। इन दस दिनों में होने वाले जुलूसों व मजलिसों या आशूरा के दिन रोज़ा रखने का महत्व होता है। मोहर्रम के दसवें दिन या आशूरा की तारीख भी चांद के मुताबिक शायद 26 जून को होगी। शिया समुदाय के लोगों द्वारा इन दस दिनों में मजलिसों का आयोजन किया जाता है, और जुलूसों को निकाला जाता है। जबकि सुन्नी मुसलमान भी अपने घरों में उनकी शहादत पर तिलावते कलामे पाक करते हैं,नौ और दस मुहर्रम के रोज़े रखते हैं।

**शुरू के दस दिनों की ख़ास अहमियत**

# संयुक्त शिक्षा निदेशक का स्वागत किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) द्वादश मण्डल मुरादाबाद शिवलाल का उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों महेशचंद शर्मा प्रांतीय कोषाध्यक्ष, विमलेंद्र विमल प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री सुधीर अग्रवाल, जेपी सिंह मंडल मंत्री, अरुण शर्मा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, नवाब हसन जिला अध्यक्ष बिजनौर, सोमदेव जिला मंत्री बिजनौर, वसीम सिद्दीकी जिला अध्यक्ष संभल, नसीम हसन मंडल उपाध्यक्ष, श्याम बाबू जिला कोषाध्यक्ष संभल, डा. मोहम्मद तालिब प्रांतीय प्रतिनिधि संभल, शकील अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, अभय गुप्ता, तस्लीम अहमद के साथ स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक सुशांत

## विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर चर्चा की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत सिंह ने उत्तर प्रदेश को विकास, सुशासन एवं प्रगति की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर स्थापित करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र बढ़ापुर के समग्र विकास, जनकल्याण एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। सुशांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास, सुरक्षा, निवेश, रोजगार एवं सुशासन के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

# 65 पंचायत सहायकों की होगी भर्ती

## 25 जून से 9 जुलाई तक जमा होंगे आवेदन, 8 से 12 अगस्त के बीच जारी होंगे नियुक्ति-पत्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 65 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि निदेशक पंचायती राज, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों एवं शासनादेश के क्रम में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतवार रिक्त पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायती राज विभाग की वेबसाइट https://panchayatiraj.up.in Ïlæ https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित अवधि के भीतर जमा कर सकते हैं।

### 22 जून से शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

भर्ती प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायतों में आवेदन आमंत्रित करने संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मुनादी 22 जून से 24 जून 2026 तक कराई जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थी 25 जून से 9 जुलाई 2026 तक अपने आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकेंगे।

### मेरिट के आधार पर होगा चयन

जिलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने की कार्रवाई 10 जुलाई से 16 जुलाई तक की जाएगी। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदनों की जांच कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी तथा प्रशासनिक समिति के अनुमोदन के बाद सूची जिला स्तरीय समिति को भेजी जाएगी। यह प्रक्रिया 17 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक पूरी की जाएगी।

### जिला स्तरीय समिति करेगी अंतिम परीक्षण

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण एवं संस्तुति की कार्रवाई 25 जुलाई से 7 अगस्त 2026 तक की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 8 अगस्त से 12 अगस्त 2026 के बीच नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

# गैंगस्टर रफ़ीक़ को चार साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अलका चौधरी ने गैंगस्टर रफीक को अपराध सिद्ध होने पर चार वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार नूरपुर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर हरकवल सिंह अन्य पुलिस बल के साथ गश्त पर व्यस्त थे, तभी सूचना मिली कि गाजियाबाद के बाबूगढ़ थाने के ग्राम बागड़पुर निवासी शकील पुत्र कमरुद्दीन ने गैंग बना रखा है। अपने साथियों के साथ मिलकर एक क्षेत्र में भय व्याप्त कर रखा है तथा अवैध धन उगाही करते हैं तथा लोगों में उनका आतंक है। इसी के गांव का सलाउद्दीन, मेरठ की लिसाड़ी गेट का शाहिद, शमीम उर्फ शमशाद पुत्र शब्बीर अहमद, नसीमुद्दीन पुत्र बशीरुद्दीन, इरशाद उर्फ पप्पू पुत्र सुलेमान, वीरेंद्र पुत्र हरज्ञान, रफीक पुत्र अ.हमीद, इस्लाम नगर जिला गाजियाबाद, इमामुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन के नाम इस गैंग में शामिल हैं। पुलिस ने इन सबके विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। विचारण के दौरान रफीक की पत्रावली अलग कर दी गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त हनीफ को गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (1) के तहत चार वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# बाइक चोरी के मामले में सोनू को 3 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने चोरी की बाइक बरामद होने पर आरोपी सुंदर उर्फ सोनू को दोषी पाते हुए तीन वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। एडीजीसी जितेंद्र पाल राजपूत के अनुसार मंडावर थाने में तैनात तत्कालीन एसएसआई रामचंद्र सिंह 9 दिसंबर 22 को पुलिस बल के साथ वांछित वारंटी और संदिग्ध वाहन की तलाशी के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मार्ग में आरोपी सुमित उर्फ छंगा, सुंदर उर्फ सोनू और नीरज के नाम बाइक चोरी करने के मामले में प्रकाश में आए। पुलिस ने गश्त के दौरान सुमित उर्फ छंगा और नीरज को मौके से गिरफ्तार किया जबकि सुंदर उर्फ सोनू फरार हो गया। पुलिस ने मौके से चोरी की बाइक और हथियार भी बरामद किए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। उक्त मामले में आरोपी सुंदर उर्फ सोनू ने अपनी पत्रावली अन्य आरोपियों से अलग कर शीघ्र सुनवाई की मांग की। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने सुंदर उर्फ सोनू को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

# मोदी जी के कार्यकाल में किसानों को मिला सम्मान, देश ने बनाई अलग पहचान- साकेन्द्र प्रताप

**हल्दौर ( चिंगारी )। ब्लॉक कार्यालय परिसर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के गौरवशाली 9 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर जनकल्याणकारी शिविर व स्वास्थ्य मेला लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों सरकारों की उपलब्धियां गिनाई।**




मंगलवार को आयोजित जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.साकेन्द्र प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौ.साकेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष व राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे लंबा कार्यकाल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 व राज्य सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में बहुत परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देशवासी, माताएं व बहनें सुरक्षित हैं। सरकार ने किसान सम्मान निधि देकर किसानों का सम्मान किया है। आज देश अपनी अलग पहचान बना रहा है। ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने कहा कि आज आखिरी छोर तक के व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। मेले में बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग द्वारा पांच महिलाओं की गोद भराई व अन्न प्राशन कराया गया। मेले में स्वास्थ्य विभाग, गन्ना विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, एनआरएलएम, समाज कल्याण विभाग पूर्ति विभाग आदि के स्टॉल लगाए गए, जिनका मुख्य अतिथि द्वारा निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ सीपी पांडे, एडीओ एसटी अरेंद्र कुमार, एडीओ समाज कल्याण रवि शर्मा, एडीओ कृषि डॉ. नरेंद्र कुमार, गन्ना सोसाइटी के सचिव मुकेश कुमार राठी, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल, सीएचसी प्रभारी डॉ. अरुण कुमार, हिमांशु चौधरी, पूर्ति इंस्पेक्टर श्रीमती रश्मि देवी, सीडीपीओ हेमलता चौहान, पार्वती देवी, प्रियंका रस्तौगी, संध्या चौहान, विकास यादव, सचिव संजीव कुमार, नईम अहमद, रिंकू सिंह, जयवीर सिंह, मनोज कुमार, नफीस अहमद, अर्जुन सिंह, भोपाल सिंह, राजवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनीष जैन, मिथुन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रात के अंधेरे में चल रहा मिट्टी का खनन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** अवैध मिट्टी के खनन का हब कहे जाने वाले हल्दौर थाना क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन बदस्तूर जारी है। खनन माफिया रात के अंधेरे में खनन करने में लगे हैं। माफिया के सामने खनन विभाग, पुलिस विभाग व राजस्व विभाग फेल साबित हो रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि खनन थाने के सामने स्थित कॉलोनी में रात से तड़के तक चल रहा है। इसके अलावा रेलवे फाटक से बालकिशनपुर चौराहा तक के क्षेत्र में भी आएदिन रात के अंधेरे में खनन चल रहा है, जबकि रात्रि में पुलिस पिकेट्स के अलावा थाना पुलिस की गाड़ियां भी लगातार गश्त पर रहती हैं, फिर भी खनन माफिया बेखौफ खनन करने में लगे हैं। उनकी बिना नंबर की ओवरलोडेड ट्रैक्टर–ट्रालियां रात भर सड़कों पर धूल उड़ाती हुई दौड़ती रहती हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व भाजपा नेताओं द्वारा अवैध खनन पकड़ने पर कई ट्रैक्टर–ट्रालियां सीज की गई थीं। अभी कुछ दिन पूर्व भी झालू चौकी क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम ने मिट्टी का अवैध खनन पकड़ते हुए कई ट्रैक्टर ट्रालियां सीज की हैं। इस सबके बावजूद नगर के खनन माफिया रात्रि में थाने के सामने कॉलोनी में व अन्य जगहों पर अवैध खनन करने में लगे हुए हैं। पुलिस व राजस्व विभाग उन्हें रोकने में असफल साबित हो रहा हैं।



Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
Hero
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L





9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount
4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# महाराजा अग्रसेन प्रतिभा सम्मान समारोह में 36 मेधावी छात्र सम्मानित



## वैश्य समाज ने शिक्षा, खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का किया सम्मान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वैश्य समाज उत्तर प्रदेश एवं वैश्य शिक्षक समाज के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बैंक्विट हॉल किरण उत्सव मंडप में महाराजा अग्रसेन प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल एवं विभिन्न प्रतियोगी क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले वैश्य समाज के 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल, निदेशक विधिक माप विज्ञान, भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि अमित गोयल, अध्यक्ष विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर रहे। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ रिद्धि गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रसिद्ध भजन गायिका आकांक्षा मित्तल ने महाराजा अग्रसेन एवं मां लक्ष्मी की आरती प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

समारोह में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने किसी भी बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभाओं को उनके अभिभावकों के साथ मंच पर बुलाकर पगड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किये गये।

मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में उत्साह और चेतना का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि अमित गोयल ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज की जागरूकता और जीवंतता का प्रतीक है।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. गोविंद राम गुप्ता, पूर्व प्राचार्य, वर्धमान डिग्री कॉलेज ने की, जबकि संचालन शिक्षिका रश्मि अग्रवाल ने किया। आयोजन में राजकुमार गोयल (प्रतिनिधि, वैश्य समाज उत्तर प्रदेश, बिजनौर) एवं पंकज बिश्नोई (प्रतिनिधि, वैश्य शिक्षक समाज) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजक मंडल में गौरव अग्रवाल एडवोकेट, शिक्षक गुलशन गुप्ता एवं सजल अग्रवाल सहित अन्य सहयोगी प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन प्रीतिभोज के साथ हुआ।

# समय से पहले नहीं खोली दुकान, शराबियों ने सेल्समैन के छेत दिये कान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समय से पहले शराब की दुकान खोलने से मना करने पर दो युवकों ने सेल्समैन के साथ गाली-गलौच व मारपीट की। ग्राम गंधोर निवासी उदल सिंह पुत्र रामपाल सिंह जलीलपुर में नरदेव सिंह की देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। सुबह को लगभग साढ़े 9 बजे दो युवक शराब लेने के लिए दुकान पर आये तथा सेल्सैन उदल सिंह से समय से पहले दुकान खोल कर शराब देने को कहा,उदल सिंह के समय से पहले दुकान खोलने से मना करने पर युवक  सेल्समैन के साथ गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए,शाम को उदल सिंह दुकान बंद कर अपने भाई मूला सिंह व भतीजे सचिन के साथ घर जा रहा था, रास्ते में युवकों ने उदल सिंह के साथ मारपीट की तथा उसका मोबाइल व मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। सेल्समैन उदल सिंह के भाई मूला सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# शराब नहीं जाती झेली पत्नी की काट दी हथेली

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विगत शाम शराब के नशे में पति ने पत्नी के हाथ पर दरांती से हमला कर उसे घायल कर दिया।  नांगल थानांतर्गत ग्राम रायपुर खास उर्फ मंडैयो निवासी पिंकी का कहना है कि उसका पति नरेन्द्र आयेदिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। कल अपराह्न लगभग 5 बजे वह पशुओं के लिये घास काटने गई थी। तभी उसका पति नरेन्द्र शराब पीकर आया और बेवजह उसके साथ मारपीट करने लगा। उसके हाथ से दरांती छीनकर उसके दाएं हाथ की हथेली पर वार कर दिया, जिससे उसकी हथेली कट गई। महिला का कहना है कि उसके हाथ में 11 टांके आये हैं। उसके हाथ तथा पैरों में भी गुम चोटें आई हैं। वहां मौजूद अन्य औरतों ने उसे बचाया। महिला का कहना है कि उसके पिता ने रात्रि में उसका उपचार कराया। अपने पिता कलवा सिंह और बेटे विवेक के साथ आज सुबह थाने पहुंचकर महिला ने पति नरेन्द्र के विरुद्ध पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्यवाही की मांग की। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, कार्यवाही की जा रही है।

# गुलदार को देखकर किसान, हो गये परेशान



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के सुदनीपुर रावटी गांव के जंगल में गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। रालोद के जिला महासचिव सुबोध कुमार अंकित आसाराम गोपाल हरनाम आदि किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह सवेरे किसान मिठनपुर मार्ग पर नहर के पास स्थित वह अपने खेतों से चारा लेने गए थे, तभी गुलदार उनके सामने आ गया। शोर मचाने पर गन्ने के खेत में जाकर छुप गया। भयभीत किसानों ने जंगल में पिंजरा लगवा कर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। आपको याद होगा कि रात्रि में गुलदार घर की छत पर बंधी बकरियों को निवाला बना चुका है।

# नहीं रहेगा कोई रोग, मदरसे के बच्चों को कराया योग



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के मदरसा इशातुल उलूम में योग गुरु ने योग से संबंधित बच्चों को विभिन्न जानकारियां दी। मदरसे में नहटौर क्षेत्र के फतेहपुर से आए संदीप दुबे ने विभिन्न योगों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मदरसे में मौजूद सभी छात्रों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी योग कराये। इस अवसर पर मौलाना सुहैब ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी है। जाहिद हुसैन भट्टे वालो ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या बनानी चाहिए। योग करने से गंभीर रोगों से छुटकारा मिल जाता है।



# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला युवा आक्रोश मशाल जुलूस

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**देहरादून ( चिंगारी )।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सोमवार देर शाम युवा आक्रोश मशाल जुलूस निकाला। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य विनीत प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में निकाले गए मशाल जुलूस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश सह-प्रभारी सुरेंद्र शर्मा तथा मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस



कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मशालें लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर कड़ी नाराजगी जताई।

विनीत प्रसाद भट्ट ने कहा कि देश के लाखों युवा सीमित संसाधनों के बावजूद दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। उनके माता-पिता भी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपनी जीवनभर की पूंजी और उम्मीदें दांव पर लगाते हैं। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं की मेहनत और सपनों को तोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक घोटालों ने परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ लोग आर्थिक लाभ के लिए परीक्षा प्रणाली को भ्रष्ट कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे हजारों छात्र-छात्राओं में निराशा और हताशा का माहौल पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय, अत्याचार और पेपर लीक जैसी घटनाएं नहीं रुकीं तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं के हितों की रक्षा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

# नीट में सफलता नहीं मिलने से युवती ने उठाया आत्मघाती कदम

**देहरादून ( चिंगारी )।** पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रमणि कॉलोनी में एक 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रही थी और हाल के परिणामों को लेकर मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार चंद्रमणि कॉलोनी निवासी रिया कुमारी (23) लंबे समय से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में भी परीक्षा में शामिल हुई थी, लेकिन चयन न होने के कारण निराश थी। बुधवार सुबह परिजनों को युवती की स्थिति का पता चला, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पटेल नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवती ने पढ़ाई में सफलता नहीं मिलने से निराश होने की बात लिखी है। पुलिस ने नोट को कब्जे में लेकर जांच का हिस्सा बनाया है।

## मौके से मिला सुसाइड नोट

# पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में योग शिविर का आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पं.ल.मो.शर्मा परिसर, ऋषिकेश स्थित योग विज्ञान विभाग द्वारा 15 जून से 21 जून 2026 तक सात दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को योग, प्राणायाम, ध्यान तथा योगिक जीवनशैली का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश के निदेशक प्रो. एम. एस. रावत ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, अनिद्रा, मोटापा, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। योग इन समस्याओं के समाधान का एक सरल, सुलभ एवं वैज्ञानिक माध्यम है। संकायध्यक्ष प्रो. पी. के सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व योग की



उपयोगिता को स्वीकार कर चुका है। योग समन्वयक प्रो. वी.के. गुप्ता ने बताया कि शिविर के प्रत्येक दिन को अलग विषय के लिए समर्पित किया गया है। प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा, तनाव प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास तथा योगिक जीवनशैली के विभिन्न आयामों से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए किसी पूर्व अनुभव की आवश्यकता नहीं है।

# नगर आयुक्त से दुकानों के किराये में की गई वृद्धि वापस लेने की मांग

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** व्यापार प्रतिनिधि मंडल, ऋषिकेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ल से मुलाकात कर निगम की दुकानों के किराये में की गई अनियमित वृद्धि पर गहरा रोष व्यक्त किया और तत्काल राहत की मांग की। व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने कहा कि नगर निगम द्वारा दुकानों का किराया 15-20 हजार रुपये तक बढ़ाया जाना व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। उन्होंने कहा कि व्यापार की वर्तमान स्थिति ऐसी नहीं है कि व्यापारी इतना भारी किराया वहन कर सकें। व्यापारी लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। नगर निगम का यह एक तरफा निर्णय किसी भी सूरत में मान्य नहीं होगा महामंत्री प्रतीक कालिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के समक्ष स्पष्ट मांग रखी है कि व्यापारियों को जारी किए गए किराया वृद्धि के नोटिस तत्काल वापस लिए जाएं और अनियमित रूप से बढ़ाए गए किराये में उचित राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यदि निगम द्वारा जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा इस अवसर पर व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी, ऋषिकेश के वरिष्ठ



व्यापारी, नगर निगम ऋषिकेश के सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# घेर में घुसकर गुलदार ने बछिया पर किया हमला

**किरतपुर ( चिंगारी )।** घेर में बंधी बछिया पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर के घनश्याम अपने घेर में सो रहे थे। रात 2 बजे गुलदार ने घेर में घुसकर बछिया पर हमला बोला तो बछीया की आवाज सुन घनश्याम ने शोर मचाया, जिस पर गुलदार बछिया को छोड़कर भाग गया। घनश्याम ने बताया कि बछिया के गर्दन पर गुलदार ने वार किया जिससे वह घायल हो गई। गुलदार के इस तरह घेर में कूद कर बछिया घायल करने से गांव के लोग डरे सहमे हैं, क्योंकि गर्मी का मौसम है अधिकांश लोग खुले में सोते हैं। ग्राम वासियों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# मौसम अलर्ट सिस्टम पर अस्थायी रोक


**देहरादून ( चिंगारी )।** देश भर में सफल ट्रायल के बाद भी अचानक सरकार ने सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम पर रोक लगा दी है। यह एक एडवांस मोबाइल-आधारित आपदा चेतावनी सिस्टम है, जो आपदा के समय में एक साथ लाखों-करोड़ों लोगों के फोन पर चेतावनी मैसेज भेज सकता है।

देशभर में मई 2026 में लॉन्च की गई सेल ब्रॉडकास्ट सर्विस को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में मानसून दस्तक देने वाला है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर आपदा के दौरान लोगों तक कुछ ही सेकेंड में चेतावनी पहुंचाने वाली इस आधुनिक तकनीक को क्यों रोका गया और इसका असर उत्तराखंड जैसे आपदा संवेदनशील राज्य पर कितना पड़ सकता है। उत्तराखंड में मानसून का मौसम शुरू होते ही आपदा प्रबंधन तंत्र की जिम्मेदारियां कई गुना बढ़ जाती हैं। मौसम विभाग की चेतावनियों से लेकर नदी-नालों के जलस्तर और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की निगरानी तक, पूरा प्रशासनिक तंत्र अलर्ट मोड में आ जाता है। इसकी वजह भी साफ है। राज्य का भौगोलिक स्वरूप ऐसा है जहां कुछ मिनटों की भारी बारिश भी बड़ी आपदा का रूप ले सकती है। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा, चमोली आपदा, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में बादल फटने की घटनाएं इस बात का उदाहरण हैं कि पहाड़ में समय पर मिली चेतावनी कितनी महत्वपूर्ण होती है।

यही वजह थी कि केंद्र सरकार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और सी-डॉट पिछले कई वर्षों से एक ऐसी तकनीक विकसित करने पर काम कर रहे थे, जो किसी भी संभावित आपदा क्षेत्र में मौजूद लोगों तक कुछ ही सेकेंड में चेतावनी पहुंचा सके। मई 2026 में देशभर में लॉन्च की गई सेल ब्रॉडकास्ट सर्विस को इसी दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना गया था। लेकिन लॉन्च के महज कुछ सप्ताह बाद ही इस सेवा को अस्थायी रूप से रोक दिए जाने के फैसले ने नई बहस छेड़ दी है।

# चंपत राय की ईमानदारी पर उंगली उठाने वालों से क्षुब्ध हैं नगीनावासी

**बिजनौर /नगीना ( चिंगारी )।** अयोध्या में स्थित श्री राम मंदिर के दान राशि व चढ़ावे में गड़बड़ी होने की आशंका के चलते मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर लापरवाही बरतने के उठ रहे सवालों के बीच नगीना के लोग काफी व्यथित व निराश हैं। बताते चलें कि अपना पूरा जीवन ईमानदारी व सादगी के साथ व्यतीत करने वाले, राम मंदिर आंदोलन से लेकर निर्माण तक में अपना पूरा जीवन खपाने वाले नगीना निवासी व तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल की ईमानदारी पर सवाल उठाने वालों पर नगीना के लोगों को बेहद गुस्सा व नाराजगी है। नगीना के लोगों का कहना है कि विहिप नेता चंपत राय बंसल ने अपना पूरा जीवन भगवान श्री राम के लिए समर्पित कर रखा है। ऐसे में उनकी भूमिका व निष्ठा पर केवल वही लोग उंगली उठा रहे हैं, जिनको उनके जीवन, चरित्र के बारे में तनिक भी ज्ञान नहीं है। इस बारे में क्या कहते हैं नगीना के लोग।


श्री चंपत राय

## 'ईमानदारी की मिसाल हैं'

हिंदू इंटर कॉलेज नगीना के पूर्व प्रवक्ता एवं चंपत राय बंसल के गुरु रहे अवध बिहारीलाल अग्रवाल का कहना है कि उनके शिष्य चंपत राय बेहद ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। उनका कहना है कि हाल ही में मंदिर चढ़ावे को लेकर जो कुछ बातें सामने आ रही हैं, उसमें उनकी किसी तरह की कोई भूमिका नहीं है। उनका कहना है कि जांच में सब कुछ तथ्य सामने आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग चंपत राय जैसे व्यक्तित्व पर उंगली उठा रहे हैं, वह आरोप पूरी तरह बेबुनियाद व राजनीति से प्रेरित है। चंपत राय ने अपना पूरा जीवन साधारण तरीके व ईमानदारी से व्यतीत किया है और व्यतीत कर रहे हैं, उन जैसा व्यक्तित्व पैदा करना हर किसी के बस में नहीं है।



## 'आरोप लगाना निंदनीय'

भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री व नगीना निवासी अनूप बाल्मीकि का कहना है कि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल ने अपना पूरा जीवन राम मंदिर आंदोलन को समर्पित किया है। उनका कहना है कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए अपनी नौकरी व घर तक का त्याग कर दिया था। मंदिर निर्माण में उनकी अहम भूमिका से कोई इनकार नहीं कर सकता। उनका कहना है कि उनके ऊपर तथ्यहीन बेबुनियाद आरोप लगाना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सपा के नेता हमेशा सनातन व हिंदू धर्म के खिलाफ गलत टिप्पणी करने में लगे रहते हैं, लेकिन जनता असलियत सब जानती है। उनका कहना है की एसआईटी का गठन हो चुका है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ जरूर कार्रवाई होगी।



## ' इनके निवास को आकर देखें'



विहिप नेता प्रदीप गर्ग का कहना है कि चंपत राय बंसल पर उंगली उठाने वाले एक बार नगीना आकर उनके पैतृक निवास को आकर जरूर देख लें। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने कभी अपने परिवार व अपने बारे में कभी नहीं सोचा। सिर्फ समाज और राम मंदिर की चिंता की। उनका कहना है कि चंपत राय बंसल जैसा ईमानदार व्यक्तित्व के लोग दुनिया में चुनिंदा ही पैदा होते हैं। उनका कहना है कि उनकी ईमानदारी व निष्ठा पर कोई उंगली नहीं उठा सकता।

## 'उंगली उठाने वाले अज्ञानी'



चंपत राय बंसल के पड़ोसी शलभ गोयल का कहना है कि आज भी उनके पैतृक निवास उनके घर के सामने खंडहर हालत में खड़ा है। उनके भाई नगीना में एक छोटी सी बर्तन की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कभी परिवार व खुद के लिए कोई काम नहीं किया। सिर्फ समाज और राम मंदिर के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। चंपत राय बंसल के व्यक्तित्व पर उंगली उठाने वाले अभी उनके बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं।

# राम मंदिर निर्माण में विशेष भूमिका रही

**बिजनौर /नगीना ( चिंगारी )।** करोड़ों रामभक्तों के संकल्प श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक श्रीरामलला के मुकदमे की विजय तक और फिर राम मंदिर निर्माण का नया अध्याय लिखने वाले, रामभक्त हनुमान के समान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव व नगीना निवासी चंपत राय बंसल अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

## पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं जन्मस्थान

अयोध्या आंदोलन के स्तंभ, मौन योद्धा, कुशल योजनाकार, विहिप के चम्पत राय बंसल का जन्म 18 नवम्बर 1946 को बिजनौर जिले के नगीना कस्बे में मोहल्ला सरायमीर के रामेश्वर प्रसाद और सावित्री देवी के साधारण परिवार में हुआ। पिता रामेश्वर प्रसाद बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। देश की आजादी में संघ का बहुत बड़ा योगदान रहा। संघ के सभी आंदोलनों में रामेश्वर प्रसाद बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। वर्ष 1948 में संघ पर प्रतिबंध लगा और पिता रामेश्वर प्रसाद को संघ का सक्रिय कार्यकर्ता होने के कारण तीन माह के लिए जेल में डाल दिया। तब चम्पत राय की आयु करीब तीन वर्ष की थी। चम्पत राय परिवार में दूसरे नंबर के भाई हैं। जेल से आने के बाद पिता रामेश्वर प्रसाद निरंतर संघ कार्य करते रहे। घर पर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया), ओमप्रकाश सूर्यकिशन सलेकचंद्र एवं अन्य पदाधिकारियों का घर पर आना-जाना लगा रहता था। इन सब बातों का चम्पत राय के बालमन पर विशेष प्रभाव पड़ा और उन्होंने भी संघ की शाखा में जाना शुरू कर दिया। माता सावित्री देवी एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। माता-पिता मां काली के उपासक थे।



वर्ष में एक बार रामचरितमानस का पाठ हुआ करता था। घर पर गौपालन भी होता था। घर का पूरा वातावरण धार्मिक एवं राष्ट्रीय महौल से ओतप्रोत था। पिताजी का देहांत जुलाई, 2003 में हुआ।

## छात्र से प्रवक्ता, फिर इस्तीफा


**चम्पत राय को संघ की शाखा में जाने की प्रेरणा पिताजी से मिली, वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहे। प्राथमिक शिक्षा कस्बे के प्राथमिक पाठशाला से हुई। हिंदू इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट किया। वर्ष 1967 में मेरठ कॉलेज, मेरठ से बी.एस.सी. और 1969 में एम.एस.सी. वर्धमान कॉलेज, बिजनौर से करने के बाद 1970-71 में रोहतक के एक डिग्री कॉलेज में पढ़ाया। उसके उपरांत 1972 में आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर ( बिजनौर ) में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता बन गए। वर्ष 1980-81 में उन्होंने प्रवक्ता पद से इस्तीफा देकर अपने आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति समर्पित करते हुए प्रचारक जीवन जीने का व्रत लिया।**

# मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही इमामबाड़ों में शुरू हुईं मजलिसें

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही शिया समुदाय में गम और अकीदत का माहौल छा गया। इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में सफ-ए-मातम बिछा दी गई तथा मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। चांद रात से ही अकीदतमंदों ने इमामबाड़ों का रुख करना शुरू कर दिया और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की। स्थानीय मोहल्ला बुखारा स्थित असगर मेहदी के आवास पर परंपरागत चांद रात की मजलिस का आयोजन किया गया। यह मजलिस प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होकर कर्बला के वाकये को याद करते हैं। मजलिस में इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानियों पर प्रकाश डाला गया तथा उनके बताए हुए सत्य, न्याय और इंसानियत के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

## इमामबाड़ा बुखारा में हुई विशेष मजलिस

मोहर्रम की पहली रात को इमामबाड़ा बुखारा में रात 10 बजे विशेष मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना कमाल ताहिर ने कहा कि कर्बला का संदेश पूरी मानवता के लिए है। इमाम हुसैन ने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाकर सत्य और इंसाफ की रक्षा की, जिसकी मिसाल आज भी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम केवल शोक का महीना नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और मानव मूल्यों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से कर्बला की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



## दस दिनों तक जारी रहेंगी धार्मिक गतिविधियां

मोहर्रम के अवसर पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों और अजाखानों में आगामी दस दिनों तक मजलिसों, मातमी कार्यक्रमों और धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। श्रद्धालु इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में नौहा-ख्वानी और मातम करेंगे। वहीं, मोहर्रम की दसवीं तारीख यानी यौमे आशूरा पर ताजिए और अलम के जुलूस भी निकाले जाएंगे। अंजुमन सरकाए हुसैनी, बिजनौर के सेक्रेटरी अफरोज़ नक़वी ने बताया कि मोहर्रम के पवित्र महीने में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अकीदतमंदों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल है।

# ऋतु खण्डूडी ने परिवहन निगम की दो नई बसों को दिखाई हरी झण्डी

## एक बस गोपेश्वर व दूसरी जायेगी ऋषिकेश एम्स



मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार से शुरू हुई दो नई परिवहन सेवाओं को दिखाई हरी झंडी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने क्षेत्र व पहाड़ वासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात देते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम की दो नई बस सेवाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कोटद्वार से गोपेश्वर तथा कोटद्वार से ऋषिकेश एम्स के लिए संचालित होने वाली रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी प्राथमिकता है। कहा कि कोटद्वार से ऋषिकेश एम्स के लिए सीधी बस सेवा की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। मरीजों, उनके परिजनों एवं उपचार के लिए ऋषिकेश आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस सीधी बस सेवा के शुरू होने से लोगों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं कोटद्वार से गोपेश्वर के लिए बस सेवा शुरू होने से गढ़वाल मंडल के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। इससे यात्रियों, छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों एवं पर्यटकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप नई सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इस उपलब्धि के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे भी जारी रखा जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, महापौर शैलेन्द्र रावत , मण्डल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल , विजय नंद पोखरियाल, सतीश गौड़, मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल और आशीष रावत सहित परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीएमओयू की बसें यात्रा रूट पर जाने के कारण मैक्स चालक यात्रियों से वसूल रहे दुगना किराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मैदान में स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बड़ी संख्या में प्रवासी पहाड़ का रूख कर रहे हैं। यही कारण है कि इन दिनों पहाड़ी रूटों पर यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया है। लेकिन जीएमओयू की अधिकांश बसों के यात्रा रूट पर जाने से व्यवस्था बेपटरी हो गई है। नतीजा पहाड़ों के लिए समय से वाहन नहीं मिल पा रहे है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ यात्रियों ने बताया कि इस स्थिति में भी कुछ मैक्स चालक पूरी जिम्मेदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। जबकि, कई ऐसे भी है जो यात्रियों की इस मजबूरी का फायदा उठाते हुए चार गुना तक किराया वसूल रहे हैं। सतपुली जाने वाले यात्रियों से 500 रूपये तक किराया वसूला जा रहा है। यदि कोई यात्री किराया बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहा है तो उसे आधे रास्ते में ही उतार दिया जा रहा है। मैक्स व टैक्सी चालक कोटद्वार बस स्टैंड में खुलेआम रूट का दो गुना किराया बताते हुए आसानी से सुने भी जा सकते हैं। किराया देने की स्थिति में ही यात्री को वाहन में बिठाया जा रहा है। मौके पर यात्रियों ने शासन-प्रशासन से वाहन चालकों की मनमर्जी पर लगाम लगवाने की मांग की है। कहा कि वाहन में किराया सूची चस्पा की जानी चाहिए। यदि कोई भी चालक अधिक किराया वसूलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## डॉ. प्रेमचन्द ने बाढ़ सुरक्षा के लिए विधायक निधि से 21 लाख रुपए दिये

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा के अंतर्गत खदरी ग्राम सभा में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का क्षेत्रीय जनता, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। डॉ. अग्रवाल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने जहाँ एक ओर बाढ़ सुरक्षा के लिए चैनेलाइजेशन की बात कहते हुए तटबंध टूटने पर चैनेलाइजेशन का काम शुरू किया गया वहीं दूसरी ओर बाढ़ सुरक्षा हेतु 21 लाख रुपये की धनराशि विधायक निधि से देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनकल्याण के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अग्रवाल के अथक प्रयासों से क्षेत्र में बिना किसी मांग के करोड़ों रुपये की लागत से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए समस्त क्षेत्रवासी उनके आभारी हैं। वहीं खदरी ग्राम सभा के पूर्व ग्राम प्रधान स्वरूप सिंह पुंडीर ने कहा कि डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चुनाव में क्षेत्र की जनता पुन: डॉ. अग्रवाल को विधायक बनाने का मन बना चुकी है।

## भुवनचंद खडूडी के नाम पर हो जौलीग्रांट हवाई अड्डे का नाम



लोकपाल सिंह रावत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देहरादून स्थित जौलीग्रांट हवाई अड्डे का नाम स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी के नाम पर किए जाने की मांग उठनी शुरू हो गई है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह रावत ने केंद्र सरकार को पत्र भेजते हुए कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी की ईमानदार छवि और कार्य शैली से सब वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मंत्री रहते हुए स्वर्गीय खंडूरी ने अभूतपूर्व विकास कार्यों को अंजाम दिया और स्वर्णिम चर्तुभुज योजना से अपनी एक पहचान बनाई। भाजपा नेता लोकपाल रावत ने कहा कि इससे पूर्व जनरल खंडूरी ने सेना में अपनी सेवाएं दी। कहा कि जौलीग्रांट हवाई अड्डे का नाम स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी के नाम पर रखा जाना चाहिए और राज्य की तरफ से ये उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## राजकीय महाविद्यालय के प्रो. डॉ. आरएस चौहान 'ग्रेट अचीवर्स ऑफ एशिया' अवार्ड से सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत बीएड विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आर.एस. चौहान को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर के टी के फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा ग्रेट अचीवर्स ऑफ एशिया सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी द्वारा प्रदान किया गया, वहीं वे कोटद्वार महाविद्यालय से स्थानांतरण होने के पश्चात एम.बी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी के लिए कार्यमुक्त हो गये हैं। उनकी इस उपलब्धि और विदाई के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डी.एस नेगी ने कहा कि प्रो. आर एस चौहान ने अपने 26 से अधिक वर्षों के शैक्षणिक जीवन में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पड़ावों को छुआ है। उन्होंने 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों में प्रतिभाग किया तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से 60 से अधिक शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नलों में प्रकाशित हुए। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से वित्त पोषित 03 शोध परियोजनाओं को पूर्ण किया है। मौके पर महाविद्यालय स्टाफ की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. डीके मौर्य, डॉ. संदीप कुमार, अरविन्द दुदपुड़ी और शेखर चंद्र मैठाणी आदि प्राध्यापकों सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 60 स्कूली बच्चों को रोटरी क्लब ने बांटे छाते



### रोटरी सेवा सप्ताह का प्रथम दिन मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब के तत्वावधान मे स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रथम दिन हिमालय एकेडमी गाड़ीघाट में 60 बच्चों को छाते वितरित किये गये। विद्यालय परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन व सभासद विपिन डोबरियाल ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि रोटरी क्लब बच्चों की शिक्षा के अलावा अन्य सुविधाओ का भी ध्यान रखता है। बरसात के समय बच्चों को बारिश से बचने के लिए छाते प्रदान किये गये। सभासद विपिन डोबरियाल ने रोटरी क्लब के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर अनिल कुमार भोला, विजय कुमार माहेश्वरी, विद्यालय के संस्थापक दीपक डोबरियाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान 60 बच्चों को छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सचिव विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि ऐरन, सचिव विजय कुमार,उपाध्यक्ष डीपी सिंह, विजय कुमार माहेश्वरी, अनिल भोला, कुलदीप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सभासद विपिन डोबरियाल, दीपक डोबरियाल इत्यादि विद्यालय के अध्यापक -अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

चिंगारी

कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

शराफत अली पत्रकार

मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150



## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8191819148


# ज्ञान विहार कॉलोनी में युवक की संदिग्ध मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर की ज्ञान विहार कॉलोनी में एक 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों का दावा है कि युवक की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है, जबकि कॉलोनी में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की चर्चा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी शिवम (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय महेश चंद की मां और बहन सुबह मंदिर गई हुई थीं। बताया जाता है कि जब वे मंदिर से वापस लौटीं तो उन्होंने शिवम को घर के अंदर मृत अवस्था में पाया। सूत्रों के अनुसार युवक का शव घर में पंखे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया और आसपास के लोगों को बताया कि शिवम की मौत हार्ट अटैक से हुई है। इसी बीच किसी व्यक्ति ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना के बाद कॉलोनी में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## जनेश्वर मिश्र की जयंती के बहाने ब्राह्मणों को साधने की तैयारी में सपा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ब्राह्मणों के बीच पैठ बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए 5 अगस्त को जनेश्वर मिश्र की जयंती पर लखनऊ में ब्राह्मण समाज का बड़ा जुटान किया जाएगा। इसमें जनेश्वर मिश्र से जुड़े और सपा के सभी छोटे-बड़े ब्राह्मण नेताओं को बुलाया जा रहा है। सपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और बलिया के सांसद सनातन पांडेय को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। सूत्रों की मानें तो इनकी अगुवाई में आज पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक होगी, जिसमें विधायक, पूर्व विधायक, सांसद और पूर्व सांसद शामिल होंगे।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
KINDERGARTEN, LIBRARIAN
बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042



खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!






कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231
डीलर- राघव ऑटोमोबाइल्स, नहटौर
मो. 6395545475 (प्रशांत कुमार)









DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774